नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref - 81/2021
Date - 11/02/2021

सेवा में,

सैयद शाहनवाज हुसैन जी,
माननीय मंत्री,
उद्योग विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः— **मधुबनी जिलान्तर्गत बंद पड़े पंडौल सूत मिल के पुनरूद्धार एवं आधुनिकीकरण के संबंध में।**

बिहार का मिथिला क्षेत्र मधुबनी पेटिंग एवं मखाना के लिए विश्व प्रसिद्ध है। बिहार में उद्योग की संभावनाओं को विकसित करने के उद्येश्य से उत्तर बिहार के मधुबनी जिलान्तर्गत पंडौल सूत मिल की स्थापना 1982 में की गयी, जिसका परीक्षण उत्पादन 1986 एवं व्यावसायिक उत्पादन 1987 में शुरू हुई। 25 एकड़ जमीन में स्थापित हुई यह मिल की क्षमता 250 टन, सूत बनाने की क्षमता 750 कि0ग्रा0 प्रतिदिन थी। इस मिल में 750 व्यक्ति को रोजगार मिला हुआ था। सूता 40 काउंट से 120 काउंट प्रकार के थे। इसके बिक्री केन्द्र पंडौल, मधुबनी के साथ अन्य जगहो पर था। पंडौल सूत मिल पूरी तरह कार्यरत था लेकिन 90 के दशक में यह मिल बंद हो गया।

यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के ''आत्मनिर्भर भारत'' की परिकल्पना को साकार करने, एवं बिहार में उद्योग विकसित करने के लिए पंडौल सूत मिल का पुनरूद्धार जनहित में आवश्यक है। यहाँ बहुतायत जमीन, भवन, यंत्र बेकार पड़े है तथा रोजगार भी समाप्त है।

मिथिला के उद्योग विहीन 12 जिलों यथा सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, सहरसा, सुपौल, मधेपुर, पूर्णिया, अररिया, किशनगंज, कटिहार में उद्योग की अपार संभावनाओं के तहत पंडौल सूत मिल को पुनरूद्धार एवं आधुनिकीकरण करना ''आत्मनिर्भर भारत'' के लिए एक मिशाल कायम करेगा।

अतः अनुरोध है कि मिथिला के औद्योगीकरण की संभावनाओं को साकार करने हेतु मधुबनी जिलान्तर्गत पंडौल सूत मिल के पुनरूद्धार एवं आधुनिकीकरण हेतू आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगी।

सादर।

भवदीय

Nitish Mishra
11.2.21

(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in